




### एक नजर में




## जल लेकर विदिशा के लिए दौड़े 350 कांवड़िए

**उज्जैन।** धर्मनगरी में पहली बार डाक कावड़ यात्रा का आयोजन हुआ। विदिशा जिले के ग्राम बिछिया से आए लगभग 350 श्रद्धालु मोक्षदायिनी क्षिप्रा का पवित्र जल लेकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। यह कांवड़िए लगातार दौड़ते हुए करीब 20 घंटे की कठिन यात्रा तय कर ग्राम बिछिया पहुंचेंगे। इस अदम्य संकल्प वाली यात्रा को देखते हुए कृषि उपज मंडी प्रांगण में यात्रियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं की गईं। नारायण यादव ने डाक कावड़ यात्रियों के उज्जैन आगमन पर उनके बीच पहुंचकर उत्साहवर्धन किया। उनके मार्गदर्शन में आरोग्य भारती उज्जैन की टीम ने मंडी प्रांगण में सभी 350 से अधिक यात्रियों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। इस सेवा कार्य में जितेंद्र अग्रवाल, हजारीलाल मालवीय, अनिल गर्ग, विजय कोठारी और राजेंद्र राठौर का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य सेवा में डॉ. दिवाकर पटेल, मनीष अग्रवाल, डॉ. दीपक जोशी और एमडी अहिरवार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। एसपी अहिरवार ने बताया कि डाक कांवड़ यात्रियों की इस कठिन यात्रा में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना संस्था के लिए सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना को साकार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था।




## शोषण से डरें नहीं बल्कि खुलकर करें शिकायत

**उज्जैन।** बच्चों की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार के शारीरिक, मानसिक या यौन शोषण की स्थिति में बच्चे डरें नहीं, बल्कि बिना भय के अपने माता-पिता, शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दें। जागरूकता ही अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। यह बात न्यायाधीश पंकज गोंडू भालेराव ने शासकीय हाई स्कूल देवास गेट पटेल नगर में आयोजित बाल सुरक्षा संवाद 2026 में विद्यार्थियों से कही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और अवनिश्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में यह जागरूकता शिविर लगाया गया। अवनिश्री संस्था की अध्यक्ष व पीएलवी प्रियंका जोशी ने पॉक्सो अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में आराधना गंधरा ने बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श की व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि अनुचित व्यवहार होने पर बच्चे चुप न रहें, तुरंत ना कहें और किसी विश्वसनीय व्यक्ति को बताएं। शिविर का आयोजन विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पीसी गुप्ता और सचिव मनोज कुमार भाटी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रिया व्यास ने समन्वय की भूमिका निभाई। इस अवसर पर ज्योति व्यास, भावना शास्त्री, पुष्पलता शर्मा, निशा उथरा और संतोषी जोशी सहित अन्य शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन शिक्षिका पुष्पलता शर्मा ने किया।

## घनश्याम मीणा राष्ट्रीय संगठन मंत्री बने

**उज्जैन।** उज्जैन के घनश्याम मीणा को नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन इंडिया का राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उन्हें संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश मीणा द्वारा सौंपा गया है। घनश्याम मीणा का यह कार्यकाल 14 जुलाई 2026 से 14 जुलाई 2027 तक रहेगा। उन्हें समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार, उत्पीड़न, शोषण, आतंकवाद और मानवाधिकार हनन जैसी घटनाओं पर कड़ी नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई है। वे इन मामलों से शासन-प्रशासन को अवगत कराते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद करेंगे। साथ ही जनसमस्या निराकरण की प्रगति रिपोर्ट दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय को प्रेषित करेंगे। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की सूचना प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और थाना अध्यक्ष को भी प्रेषित की गई है। उल्लेखनीय है कि यह संस्था महिला शोषण, भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के खिलाफ मुहिम चलाने का कार्य करती है।

# राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष ने टटोली निकायों और पंचायतों की आर्थिक नब्ज

### नवाचार मॉडल पर हुआ मंथन.जय भान सिंह पवैया आए उज्जैन, कमिश्नर कलेक्टर आयुक्त ने साझा की जानकारी

**उज्जैन।** जयभान सिंह पवैया ने कहा कि राज्य वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है। जिसका उद्देश्य पंचायतों और नगरीय निकायों को वित्तीय संसाधनों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करना है। आयोग आगामी पांच वर्षों के लिए अपनी अनुशंसाएं तैयार कर रहा है। जिनके आधार पर स्थानीय निकायों को मिलने वाले अनुदान और वित्तीय अधिकार तय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर से मिलने वाले सुझाव आयोग की अनुशंसाओं का




महत्वपूर्ण आधार बनेंगे। दरअसल जय भान सिंह पवैया निकायों की आर्थिक नब्ज टटोलने आए थे। छठवें मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया ने उज्जैन प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकों में नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर विस्तृत मंथन किया। उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि जिले की 43 ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। सीएसआर फंड से 100 ई-बाइक आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को उपलब्ध कराई गई हैं। कायथा टोल प्लाजा का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं।

### विकास मॉडल पर चर्चा-जिले के अफसर भी

विश्राम भवन में जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक तथा प्रशासनिक संकुल भवन में हुई संभागीय समीक्षा बैठक में स्थानीय निकायों के राजस्व स्रोत बढ़ाने, वित्तीय प्रबंधन, नवाचार और विकास मॉडल पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत पदाधिकारी, संभागायुक्त आशीष सिंह, उज्जैन सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायतों के सीईओ और नगर निगम आयुक्त मौजूद रहे। आयोग के सदस्य केके सिंह और सदस्य सचिव वीरेंद्र कुमार भी बैठक में शामिल हुए। संभागीय समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 के आय-व्यय, राजस्व संग्रहण, स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल, सीवरेज, प्रकाश व्यवस्था, 15वें वित्त आयोग की राशि के उपयोग और स्थानीय निकायों के नवाचारों की जिलेवार समीक्षा की गई।

### संभाग आयुक्त ने बताई कार्य योजना

संभागायुक्त आशीष सिंह ने सभी जिलों को एक-दूसरे के सफल नवाचारों को अपनाने और पंचायतों को अधिक सक्षम बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक के समापन पर जयभान सिंह पवैया ने कहा कि उज्जैन संभाग के सभी जिलों में जनभागीदारी से उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने विशेष रूप से सौर ऊर्जा, पेयजल व्यवस्था, स्व-राजस्व वृद्धि और योजनाबद्ध विकास मॉडल पर जोर देते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने संभाग में पंचायतों द्वारा किए गए नवाचारों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि इन अनुभवों को राज्य वित्त आयोग की अनुशंसाओं में उचित स्थान मिलेगा। वहीं नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के साथ-साथ ट्रेड लाइसेंस और कर संग्रह बढ़ाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।

## श्याम श्रावण महोत्सव में आज सजेगी भजन संध्या

**उज्जैन। पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन एवं विश्व के एकमात्र अष्ट चिरंजीवी मंदिर बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी में गुरुवार, 6 अगस्त को भजन संध्या और विशेष तबला वादन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ब्रह्मलीन ज्योतिषाचार्य एवं पंचांगकर्ता पं. श्यामनारायण व्यास की पावन स्मृति में चल रहे श्री श्याम श्रावण महोत्सव के अंतर्गत रात 8 बजे से होगा।**

आयोजक ज्योतिषाचार्य पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि मंदिर परिसर में आयोजित इस संगीतमय संध्या में संस्था नाद कीर्तन के निदेशक और ख्यातनाम तबला वादक शैलेन्द्र भट्ट अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ संगीत निदेशक अजय मेहता भी कार्यक्रम में संगीत की स्वर लहरियां बिखेरेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ब्रह्मलीन पं. व्यास की स्मृतियों को संगीत और भक्ति के सुरों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करना है। उल्लेखनीय है कि श्री श्याम श्रावण महोत्सव के तहत पूरे सावन महीने में धार्मिक, सांस्कृतिक और संगीत से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में गुरुवार शाम होने वाला भजन, तबला वादन और शास्त्रीय संगीत का यह संगम श्रद्धालुओं और संगीतप्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजकों ने शहर के धर्म और संगीत प्रेमियों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आनंद लेने का आग्रह किया है।

## पासबुक चोरी, एजेन्ट पर प्रकरण दर्ज

**उज्जैन। उप डाकघर में हुई 50 पासबुक की चोरी के मामले में पुलिस द्वारा 25 दिन बाद चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। पासबुक चोरी करने वाला डाकघर का ही एजेंट होना सामने आ रहा है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।**

भारतीय डाक
Indian Post

खाराकुआं थाना पुलिस ने बताया कि 9 जुलाई को छत्री चौक स्थित उप डाकघर से 50 नई पासबुक चोरी हो गई थी। उप डाकपाल हरीश पिता बाबूलाल सोनी को पासबुक चोरी होने का पता चला तो उन्होंने पहले अपने स्तर पर जांच पड़ताल शुरू की। जानकारी सामने आई की पासबुक चोरी में डाकघर से ही जुड़े किसी कर्मचारी का हाथ हो सकता है इस बात का पता लगाने पर सामने आया कि पासबुक चोरी में डाकघर एजेंट पंकज मुखिया शामिल हो सकता है जो कई दिनों से डाकघर ही नहीं आया है। 25 दिन बाद मामले की शिकायत उप डाकपाल सोनी द्वारा पुलिस को दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि संदेही डाकघर एजेंट की तलाश की जा रही है जल्दी उसे हिरासत में लेकर चोरी की गई पासबुक बरामद की जाएगी। एजेंट ने किस मकसद से पासबुक चोरी की है इसका पता उसके हिरासत में ही आने पर चलेगा।

## रेलवे स्टेशन से अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**उज्जैन। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे सघन सुरक्षा एवं चेकिंग अभियान के दौरान जीआरपी ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आदतन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से करीब 20 हजार रुपये मूल्य की अंग्रेजी शराब जब्त की है।**

थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जीआरपी टीम ने उज्जैन रेलवे स्टेशन के नागदा छोर स्थित फुटओवर ब्रिज पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी प्रवीण कुमार से रॉयल चैलेंजर व्हिस्की की 40 बोतल (180 एमएल) तथा नरेश जाट से ब्लेंडर्स प्राइड की 12 बोतल (750 एमएल) बरामद की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी पहले भी आबकारी अधिनियम के मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं। दोनों आरोपी राजस्थान के बाड़मेर जिले के निवासी हैं। कार्रवाई में उप निरीक्षक बीएस कुशवाह, प्रधान आरक्षक मानसिंह टेकाम तथा आरक्षक नीरज पंत, अरुण सारस्वत और रजत चौहान की विशेष भूमिका रही।

## पिकअप में प्याज की आड़ में छुपा कर रखा था मादक पदार्थ

- रात्रि भ्रमण पर निकला पुलिस का अमला, जांच में मिली सफलता

**उज्जैन।** रात्रि भ्रमण पर निकली पुलिस ने सड़क किनारे पिकअप खड़ी देखी तो जांच के लिए पहुंची। पिकअप में कोई दिखाई नहीं दिया पुलिस ने आसपास तलाश करने की कोशिश की। चालक के नहीं मिलने पर तलाशी ली गई तो प्याज की बोरियां भारी होना सामने आया। कुछ बोरियां संदिग्ध दिखाई दे रही थी, जिन्हें चेक करने पर उसमें मादक पदार्थ भरा होना सामने आया।

नागझिरी थाना पुलिस रात 1 बजे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और संदिग्धों की तलाश में भ्रमण पर निकली थी। लालपुर से गरोठ ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिस वाहन की हेडलाइट सड़क किनारे खड़ी



पिकअप पर पड़ी। पुलिस को लगा कि रात में गाड़ी खराब हुई है और चालक ने उसे खड़ा किया है। पुलिस जानकारी जुटाना के लिए पिकअप के पास पहुंची। लेकिन उसमें ना तो चालक था ना ही आसपास कोई दिखाई दिया। लावारिस हालत में खड़ी पिकअप प्लास्टिक की तिरपाल से ढंकी हुई थी। पुलिस ने नंबर देखा तो पंजाब पासिंग होना सामने आया जिसके चलते शंका बढ़ गई। पुलिस ने तिरपाल हटाकर तलाशी लेने का प्रयास किया पिकअप में प्याज के बोरे भरे हुए थे लेकिन उसमें से अजीब दुर्गंध उठ रही थी। पुलिस ने प्याज के नीचे तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक की थैलियां में भरा मादक पदार्थ होना सामने आया।

### इनका कहना है

उप निरीक्षक राम प्रसाद वेद ने बताया कि पुलिस ने पिकअप को कस्टडी में लिया है उसमें भरा मादक पदार्थ डोडा चुरा पाया गया है जो दो क्विंटल से अधिक है। उप निरीक्षक के अनुसार फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि पिकअप कौन लेकर आया था उसके चालक की जानकारी नंबर के आधार पर जताने की कोशिश की जा रही है। चालक के मिलने पर ही मादक पदार्थ के अवैध परिवहन के संबंध में पूरी जानकारी सामने आ पाएगी।

## महाकाल की सवारी में नारी शक्ति झांझ मंडली ने लहराया परचम

**उज्जैन।** महाकाल की प्रथम सवारी में चैतन्य भैरव नारी शक्ति झांझ मंडली की बालिकाओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया है। 45 बालिकाओं की इस टीम ने प्राचीन वेशभूषा धारण कर झांझ वादन के जरिए सनातन धर्म के संस्कारों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

पिछले 15 वर्षों से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत यह टीम सिर्फ उज्जैन में ही नहीं, बल्कि रतलाम, देवास, उन्हेल, राजगढ़ और राजस्थान के भीलवाड़ा, भिलाड़ा व बूंदी जैसे शहरों में भी



अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। सवारी के दौरान तेलीवाड़ा चौराहा स्थित भैरु महाराज मंदिर पर चैतन्य भैरव मित्र मंडली के राकेश तिवारी, बसंत परिहार और दारा सिंह राणा सहित पूरी मित्र मंडली ने टीम का उत्साहवर्धन किया। सभी अतिथियों ने सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और बेटियों को सशक्त बनाने के निरंतर प्रयासों के लिए कोच पूजा बिटिया की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कामना की कि पूजा बिटिया इसी तरह आगे बढ़ती रहें, ताकि देश और दुनिया में नारी शक्ति का यह संदेश मजबूती से पहुंच सके।

### आत्मरक्षा के लिए सिखाए जाते हैं शस्त्र

सनातन धर्म के संरक्षण के साथ-साथ बेटियों को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा के अलावा आत्मरक्षा में भी निपुण किया जा रहा है। कोच पूजा के नेतृत्व में बालिकाओं को लाठी, तलवार, कराटे और मिक्स मार्शल आर्ट का यह विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि बेटियां सामान्य कामकाज के साथ अपनी रक्षा स्वयं कर सकें।

## मल्टी से गिरे मजदूर की मौत

**उज्जैन।** मंछामन मल्टी से काम कर रहा मजदूर गिर गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मल्टी पहुंची और मजदूर का शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजन शव अंतिम संस्कार के लिए रतलाम लेकर गए हैं। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि रतलाम के ग्राम ऊनी में रहने वाला बबलू पिता गुलाब 22 साल कुछ दिनों पहले मंछामन मल्टी के निर्माण कार्य में मजदूरी करने के लिए आया था। मंगलवार दोपहर मल्टी की छत पर काम करते समय अचानक जमीन पर गिरा। उसे अंदरूनी चोट लगी थी मजदूर के गिरने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मजदूर के परिजनों को सूचना दी गई।

## भोपाल- जयपुर ट्रेन में शराब पीकर किया था हंगामा

- 4 युवक गिरफ्तार, शाजापुर जिले के
- रहने वाले सभी युवक

**उज्जैन।** भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस के एसी कोच में शराब के नशे में हंगामा कर यात्रियों को परेशान कर रहे चार लोगों के खिलाफ जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए उन्हें ट्रेन से उतारकर गिरफ्तार कर लिया।

जीआरपी के अनुसार रात को भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस के एम-3 कोच से यात्रियों ने रेलवे स्टेशन उज्जैन पर तैनात कर्मचारियों को सूचना दी कि तीन-चार यात्री शराब के नशे में हुड़दंग कर रहे हैं और अन्य यात्रियों को परेशान कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जीआरपी की चेकिंग टीम प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 पर पहुंची और संबंधित कोच में कार्रवाई की।



पुलिस ने चारों आरोपियों को ट्रेन से उतारकर थाना लाया। जिला चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उनके खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस एक्ट की धारा 34(6) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई तथा बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत नोटिस देकर पाबंद किया गया। पकड़े गए आरोपियों में सतीश सोनी (47), मनीष सोनी (37), कुलदीप राठौर (26) तथा धीरज परमार (40) निवासी कालापीपल, जिला शाजापुर शामिल हैं। जीआरपी ने बताया कि ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई में जीआरपी उज्जैन की चेकिंग टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पंचक्रोशी मार्ग पर 9 को निकलेगी चारद्वार साइकिल यात्रा

- प्रथम पुरस्कार में मिलेगी साइकिल
- चामुंडा माता मंदिर से होगा शुभारंभ

**उज्जैन।** शहर की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना को समर्पित चारद्वार साइकिल यात्रा-2026 का आयोजन रविवार, 9 अगस्त को सुबह 6.30 बजे से होगा। सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल द्वारा लगातार छठे वर्ष आयोजित की जा रही इस यात्रा का शुभारंभ आगर रोड स्थित चामुंडा माता मंदिर से किया जाएगा। यात्रा में उज्जैन सहित आसपास के जिलों के साइकिल प्रेमी हिस्सा लेंगे।

श्रावण मास में आयोजित इस यात्रा में अध्यात्म और एडवेंचर का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। प्रतिभागी 118 किलोमीटर लंबे पंचक्रोशी मार्ग का सफर तय करते हुए उज्जैन के चारों पवित्र द्वारों पर शिव रूप में मौजूद द्वारपालों के दर्शन करेंगे। इनमें पूर्व द्वार पर पिंगलेश्वर महादेव, दक्षिण द्वार पर कायावरोहणेश्वर महादेव, पश्चिम द्वार पर बिल्केश्वर महादेव और उत्तर द्वार पर दुर्दुरेश्वर महादेव शामिल हैं। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में साइकिल दी जाएगी। इसके अलावा आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। यात्रा के दौरान सेल्फी पॉइंट, साइकिल ट्रैकिंग, फोटोग्राफी और भजन संध्या जैसी गतिविधियां भी होंगी। अमित पंडिया ने युवाओं और महिलाओं से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीयन 8 अगस्त तक जारी रहेगा। इच्छुक शुल्क के साथ हेल्पलाइन नंबर 9691913205 और 8962225515 के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर सकते हैं।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम, मिलेगी टी-शर्ट

उत्कर्ष सिंह सेंगर और सचिव विवेक मेश्राम ने बताया कि प्रतिभागियों की सुविधा के लिए मार्ग में मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस, साइकिल रिपेयरिंग, बैकअप वाहन, विश्राम स्थल और भोजन की व्यवस्था रहेगी। प्रथम 150 प्रतिभागियों को नि:शुल्क टी-शर्ट, प्रमाण-पत्र और परिचय-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

श्रावण महोत्सव | गंधर्व ने किया वादन, सुधा के गायन व मानस के नृत्य ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

## श्रावण महोत्सव में कलाकारों की प्रस्तुति से शिवमय हुआ वातावरण

**उज्जैन।** महाकाल के आंगन में श्रावण महोत्सव की शुरुआत हुई। महाकाल लोक परिसर में बने आकर्षक मंच से प्रथम संध्या पर मानस शर्मा उज्जैन ने समूह नृत्य, सुधा गुप्ता ने समूह गायन व परमानंद गंधर्व नागदा ने वादन की प्रस्तुति से वातावरण शिवमय कर दिया।

श्रावण महोत्सव में प्रथम प्रस्तुति में परमानंद गंधर्व के वादन की हुई जिसमें ताल तीनताल में तबला एवं पखावज की जुगलबंदी प्रस्तुत की गई। आपके साथ तबले पर चंदन दास बैरागी, नितिन गंधर्व, श्रेयांश भाटी, हारमोनियम पर




रविन्द्र पंवार, वायलिन पर रोहित शर्मा व ढोलक पर फुंदालाल गंधर्व ने संगत की। द्वितीय प्रस्तुति सुधा गुप्ता के समूह गायन की हुई। श्रीमती गुप्ता ने रूद्रांजलि सुगम्य गायन में गणेश वंदना, जागो भोलेनाथ आदि शिव भजनों की प्रस्तुति दी। आपके साथ गायन में डॉ. प्रीति देवले, विशाल सोनी व सुनिता जैन, हार्मोनियम पर कुलदीप दुबे, तबला पर सक्षम देवले, ढोलक पर सूरज चक्रावदिया व मंजीरा पर विभाष देवले ने संगत की। तृतीय व अंतिम प्रस्तुति मानस शर्मा की हुई जिसमें उन्होंने शिव आधारित कथक नृत्य प्रस्तुति पंचाक्षर स्त्रोत एवं शिव डमरू की महिमा एवं श्री कृष्ण वंदना की प्रस्तुति दी। आपके साथ श्रद्धा, परी, आकृति, छवि ने नृत्य प्रस्तुति किया।

### प्राचार्य व पुजारी ने किया महोत्सव का शुभारंभ

कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्जवल मुख्य अतिथि ओम प्रकाश व्यास, प्राचार्य शासकीय धनवंतरी आयुर्वेद महाविद्यालय उज्जैन, पुजारी भारत शर्मा महाकालेश्वर मंदिर द्वारा किया गया। मंदिर प्रबंध समिति के जनसम्पर्क अधिकारी आशीष फलवाडिया ने अतिथियों का दुपट्टा, प्रसाद व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। इसके पश्चात अतिथियों ने प्रस्तुति हेतु पधारे सभी कलाकारों एवं सहयोगी का दुपट्टा, प्रसाद व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। संचालन सुदर्शन आयाचित द्वारा किया गया।